प्राचार्य का कार्यालय
श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय
मुजफ्फरपुर

पत्रांक –　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक –

सेवा में,
सभी विभागाध्यक्ष,
श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय,
मुजफ्फरपुर ।

विषय–भंडार संधारण के संबंध में ।

महाशय,

उपरोक्त विषयक सूचित करना है कि दिनांक – 26.04.2016 को 12:30 बजे अप0 में प्राचार्य प्रकोष्ठ में आप सभी की उपस्थिति में केन्द्रीय भंडार से संबंधित मुद्दो पर लिए गए निर्णय के आलोक में आप सभी अपने – अपने विभाग में Requisition के द्वारा ही सामानो को प्राप्त करना चाहेंगे । साथ ही अपने – अपने विभागीय भंडार में प्राप्त होने वाले सभी सामानों का संधारण सुनिश्चित करेंगे । इस कार्य के लिए आपके विभाग में कार्यरत तृतीयवर्ग कर्मचारी का नाम, पदनाम, मोबाईल संख्या एवं हस्ताक्षर नमुना अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में उपलब्ध कराना भी चाहेंगे, ताकि आवश्यकता पङने पर उनसे सम्पर्क कर सत्यापन किया जा सके तथा वे अपने कर्तव्य के प्रति उतरदायी रहें ।

इसके अतिरिक्त कुछ विभागों में पूर्व में आपूर्ति किए गए सामानों का Requisition अब तक केन्द्रीय भंडार में अप्राप्त है, जिससे भंडार सत्यापन के कार्य में परेशानी उत्पन्न हो रही है । इसलिए संबंधित विभाग के विभागाध्यक्ष अपने स्तर से यथाचित कार्रवाई कर Requisition उपलब्ध कराने का कष्ट करना चाहेंगे ।

विश्वासभाजन

ह0 / –
प्राचार्य

ज्ञापांकः– 889/16　　　　　　　　दिनांकः– 27.5.16

प्रतिलिपिः–

1) प्रभारी प्राध्यापक (प्र0) / Estate Officer / बरसर, श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय, मुजफ्फरपुर को सूचनार्थ प्रेषित ।

2) भंडार पदाधिकारी, केन्द्रीय भंडार, श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय, मुजफ्फरपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

3) संबंधित भंडार लिपिक, श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय, मुजफ्फरपुर को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित ।

4) I.T. Sec., श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय, मुजफ्फरपुर को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु सूचनार्थ प्रेषित ।

27/5/16
प्राचार्य
श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय
मुजफ्फरपुर